# सुरक्षा, निवेश और औद्योगिक विकास ने बदली प्रदेश की तस्वीर : मुख्यमंत्री

## गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 36वें स्थापना दिवस समारोह में बोले योगी

- कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार पर जीरो टलरेंस व कारोबारी माहौल ने बनाया माडल स्टेट
- अडाणी, कोका-कोला समेत 6,139 करोड़ के निवेश प्रस्तावकों को सौंपा आवंटन पत्र


**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जीरो टालरेंस की नीति को मुख्यमंत्री योगी ने विस्तार से समझाया। कहा- यह केवल भाषा नहीं भाव भी है। सख्ती के साथ यह धरातल पर उतरा तो कानून-व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश, देश के अंदर माडल स्टेट के रूप में स्थापित हुआ। आठ वर्ष पहले की अराजक, जातीय तनाव और हिंसा की राजनीति से बाहर निकलकर प्रदेश अब उत्सवों, सुरक्षा, निवेश और रोजगार का केंद्र बन चुका है।

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 36वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में औद्योगिक निवेश संबंधी उपलब्धियों के आंकड़े भी गिनाए। विश्वास जताया कि इसी दिसंबर में पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश को जमीन पर उतारा जाएगा। जिस उत्तर प्रदेश को 2017 से पहले बीमारू कहा जाता था वह आज भारत की अनलिमिटेड पोटेंशियल का प्रदेश बन चुका है। पूर्ववर्ती सरकारों पर वैमनस्यता और तुष्टीकरण को लेकर हमलावर रहे योगी ने कहा कि धर्मध्वजा आरोहित कर प्रधानमंत्री अयोध्या से लौटे और दो दिन बाद ही समाचार आया कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

गीडा क्षेत्र में आयोजित भव्य और विविधतापूर्ण समारोह में मुख्यमंत्री ने 6139 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 115 भूखंडों में से पांच निवेशकों को आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। लखनऊ में 34 करोड़ रुपये से बनने वाली फ्लैटेड फैक्ट्री और गोरखपुर में 3.91 करोड़ रुपये की लागत वाली ओडीओपी पैकेजिंग सीएफसी का शिलान्यास करने के साथ उद्यमियों को इंसेंटिव और ऋण धनराशि का वितरण किया। गीडा में 408 करोड़ रुपये के 114 विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास कर गीडा में आयोजित तीन दिवसीय यूपी स्टेट ट्रेड शो का उद्घाटन किया।

पिछली सरकारों पर हमलावर मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस को जब भी सत्ता में जमने का अवसर मिला उन्होंने लोगों को जाति-पाति में बांटकर लड़ाया और अराजकता फैलाई। व्यापारी की प्रापर्टी और गरीब की जमीन पर कब्जा करना वह अपना अधिकार समझते थे। डबल इंजन की सरकार ने उनकी कमर सीधी कर दी। इतनी कुटाई हुई कि अब उनके ऊपर हम लोग फैक्ट्री का निर्माण कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव आए हैं, जिनमें से 15 लाख करोड़ के निवेश जमीन पर उतर चुके हैं। देश के 55 प्रतिशत एक्सप्रेसवे यूपी में हैं। सबसे बड़ा रेल नेटवर्क, सर्वाधिक एयरपोर्ट, सबसे अधिक मेट्रो सिटी और जेवर में देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट प्रदेश के बदलते स्वरूप के प्रमाण हैं। देश की पहली रैपिड रेल और पहली इनलैंड वाटरवे भी यहीं है। अनलिमिटेड पोटेंशियल वाले प्रदेश में 15 लाख करोड़ के निवेश से 1.5 करोड़ रोजगार सृजित हुए हैं। गोरखपुर के धुरियापार में जल्द ही रिलायंस समूह कैंपा ब्रांड की यूनिट शुरू करने जा रहा है।

इस अवसर पर मौजूद उद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है और युवाओं के लिए रोजगार सृजन सरकार की प्राथमिकता है। ट्रेड शो में 80 देशों के लोगों का आना यूपी की बढ़ती पहचान का प्रमाण है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि यूपी की पहचान अब माफिया से नहीं, बल्कि माफियाओं को कुचलने वाले बुलडोजर से है।



गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण ( गीडा ) के 36वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ● जागरण

### गीता प्रेस को 10 एकड़ भूमि का आवंटन पत्र सौंपा गया

सीएम ने कहा कि मुझे खुशी हुई कि गोरखपुर में भारत की सनातन परंपरा की पहचान को वैश्विक मान्यता देने वाले 'गीता प्रेस' को भी आज गीडा में 10 एकड़ भूमि का आवंटन पत्र प्राप्त हुआ है। साथ ही नाइलिट से जुड़े छात्रों को सर्टिफिकेट दिए गए। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को गीडा के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि विकास की प्रक्रिया को सकारात्मक ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाकर गीडा को उत्तर प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में स्थापित किया जाएगा। इसे पूर्वी उत्तर प्रदेश के नौजवानों के लिए रोजगार व नौकरी की नई संभावनाओं के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।